महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः—प्राशिप / अनु04 / परी0के0 / 2023 / 11787 लखनऊःदिनांक– 01/02/2023

विषयः—<u>विषम सेमेस्टर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2022 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूचना विषयक।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद की विषम सेमेस्टर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2022 की लिखित परीक्षा परिषद की परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.02.2023 के अनुमोदनोंपरांत निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 06.02.2023 से 25.02.2023 के मध्य आयोजित करायी जानी है। परीक्षा केन्द्रों की सूची, परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त केन्द्र अधीक्षकों एवं स्थायी पर्यवेक्षकों की सूची संलग्न है।

<u>परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर उपलब्ध परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।</u>

उपरोक्त के क्रम में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षकों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित समस्त औपचारिकताएं / तैयारियां समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर शुचितापूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न करायी जा सके। कार्य परीक्षा से संबंधित है, जिसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बर्ती जाये तथा समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये।

उपरोक्त के अतिरिक्त सूच्य है कि निजी क्षेत्र के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर राजकीय / अनुदानित संस्थाओं से स्थायी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। स्थायी पर्यवेक्षकों द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रह कर परीक्षा संबंधी समस्त व्यवस्थाएं / औपचारिकतायें पूर्ण की जानी हैं। अतएव आपकी संस्था से नियुक्त किये गये स्थायी पर्यवेक्षकों को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर अपना योगदान देने हेतु दिनांक 02.02.2023 के पूर्वाह्न से कार्यमुक्त करने का कष्ट करें, जिससे परीक्षा केन्द्रों की समस्त औपचारिकतायें समयान्तर्गत पूर्ण करायी जा सके।

संलग्नकः—यथोपरि।

भवदीय,

(एफ0 आर0 खान)
सचिव

पृ0सं0ः—प्राशिप / अनु04 / परी0के0 / 2023 / 11788 तद्दिनांक– 01/02/2023

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / बुंदेलखण्ड क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी / अधिकारी, अनुभाग–1, 2 एवं 3 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(एफ0 आर0 खान)
सचिव